Title: Need to develop religious places under Pilgrimage Rejuvenation and Spiritual Augmentation Drive (PRASAD) Scheme

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): मैं माननीय पर्यटन मंत्री महोदय का ध्यान गीता उपदेश नगरी कुरुक्षेत्र की ओर केन्द्रित करना चाहता हूँ कि प्रसाद योजना जो भारत सरकार द्वारा 2015 में शुरू की गई इस योजना के तहत धार्मिक पर्यटन के लिए प्राथमिकता नियोजित और व्यवस्थित तरीके से तीर्थ स्थलों का विकास और सौंदर्यीकरण करना था। हरियाणा राज्य के पंचकूला जिले में माता मनसा देवी को समर्पित एक महाभारत कालीन प्राचीन मंदिर माना जाता है, वहीं नड्डा साहेब गुरुद्वारा शिवालिक तलहटी में घग्गर नदी के तट पंचकूला में स्थित गुरुगोविंद से सम्बंधित सिख समुदाय का धार्मिक स्थल है जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन लाभ एवं माथा टेकने आते हैं तथा आदि बद्री हरियाणा के यमुना नगर जिले में स्थित वन क्षेत्र है तथा यहाँ विलुप्त हो चुकी सरस्वती नदी का उद्गम स्थल भी है जहाँ हरियाणा सरकार ने डैम बनाकर सरस्वती हेरिटेज बोर्ड भी बनाया है । इन सभी स्थलों को प्रसाद योजना के तहत विकसित किया जाए एवं इनका सौंदर्यीकरण किया जाए।